# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

# सेवा पखवाड़ा

## स्वास्थ्य शिविर (27.09.2025)













माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की प्रेरणा से एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 27 सितम्बर 2025, दिन शनिवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस विभाग के द्वारा सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम रामपुर निकट गंगा बैराज, कानपुर के प्राथमिक विद्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गाँव के बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएँ एवं पुरूष का फिजियोथेरपी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण एवं पोषण संबंधी मूल्यांकन किया गया तथा रोगों से बचने के उपाय बताए गए।

इस शिविर का प्रारंभ संस्थान के निदेशक डॉ० मुनीश रस्तोगी के नेतृत्व में तथा रामपुर के ग्राम प्रधान श्री विनोद निषाद के सहयोग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में फिजियोथेरेपी परीक्षण हेतु संस्थान के सहायक आचार्य श्री उमेश कुमार मौर्या, सुश्री खुशबू अंजुम, श्री अमिल अग्रवाल, नेत्र परीक्षण हेतु संस्थान के सहायक आचार्य श्री विश्वदीप मिश्रा, श्री दयाशंकर रस्तोगी, सुश्री अस्मिता मिश्रा, पोषण संबंधी मूल्यांकन हेतु डॉ० अनामिका दीक्षित, सुश्री आमिना जैदी तथा सामान्य परीक्षण हेतु शोध छात्रा सुश्री दीपानिता अवस्थी एवं संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र–छात्रायें के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

इस शिविर में लगभग 100 ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के वजन एवं लम्बाई माप के आधार पर पोषण मूल्यांकन किया गया तथा उनको उचित खानपान एवं मौसम के साथ ऋतु फलों के सेवन पर ध्यान देने को प्रेरित किया गया। बुर्जुगों के शरीर में भौतिक परीक्षण एवं रक्तचाप परीक्षण के माध्यम से उन्हें उपचार एवं शारीरिक व्यायाम के तरीके बताये गये ताकि उन्हें बढ़ती उम्र एवं शारीरिक परिवर्तन से पड़ने वाले प्रभावों से बचाव किया जा सके। इसमें बच्चों एवं बुजुर्ग के नेत्रों का परीक्षण किया गया जिसमें नजदीक और दूर दृष्टि के मूल्यांकन के आधार पर चश्में का पावर बताया गया, वर्णान्धता का परीक्षण किया गया तथा रक्तचाप एवं मधुमेह से होने वाले आँख के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया तथा उसके बचाव के लिये उपाय बताये गये।










